
VOICE



*A Tribute to the Golden Jubilee Year of*
*Mata Sundri College for Women (1967-2016)*

## Principal's Message

I take this opportunity to congratulate the Department of Political Science for putting together the debut edition of their E-Journal 'VOICE'. This initiative is an excellent platform as it encourages budding talents by bringing to the fore the creativity of young minds which have no boundaries and are filled with zest for life. The E-Journal is a fascinating read by way of its eclectic amalgamation of contents.

I wish the Department all the very best in all their forthcoming issues.

Dr. Kawarjit Kaur
Principal

## FROM THE EDITOR'S DESK

2016 is a historic year in the true sense of the word. Indian Democracy is well into its 70th year, which is no mean achievement. Coincidentally, it is also the golden jubilee year of our esteemed institution and as a tribute to this beloved institution, the Department of Political Science has put forth its first ever E-Journal titled 'VOICE'.

Knowledge is infinite and so are the ways to acquire it. The tools of acquiring knowledge before a student are many, learning and expressing is just the beginning of a life-long process. It cannot be denied that the life of a student inside the classroom, amidst set curriculum and institutional training finds an important parallel in that outside it, and this is what motivates the students to explore unconventional terrain and to develop new ways of thinking.

Named aptly so, the journal 'VOICE' is an avenue to connect flowing thoughts by way of putting together the aspirations and artistic expressions of the students. Since this is a debut edition, the enthusiasm in putting it together has been without a parallel. However, this is only a humble attempt aimed at providing not only an intellectual but a comprehensive and holistic platform for the students to voice their views pertaining to larger issues of society, environment, policies and the world at large.

'VOICE' is also an attempt to commemorate seventy years of Indian democracy. The democratic journey which began with Nehru's famous speech 'Tryst with Destiny' has progressed through various phases – representing both blissful and challenging moments, which is beautifully reflected through the myriad contents of our e-journal.

Expressed by ways of essays, poems, articles, political cartoons, satire, and interviews we have tried to voice our creativity and freedom of expression– about various facets of society, as well as to question set patterns and in the bargain contribute towards building a new society.

The student editors have put in their all. Their exuberance, hard work and zeal have been phenomenal. Our hearts are filled with pride for having worked with such a creative team. During the selection of the contents of the e-journal 'VOICE', we have been mindful of certain factors significant to the entire process such as respect and concern for the institution's long cherished values and goals.

Needless to add, we reserve our sincere gratitude for the Principal Dr. Kawarjit Kaur for her constant encouragement and unrelenting support.

Faculty Editors

Dr. Madhuri Sukhija

Ms. Paromita Datta

Ms. Shashwati

# Students Speak

What better way to commemorate the golden jubilee of our college than bringing forth a novel concept that will add to the legacy of this great institution. So here we present 'Voice', the e-journal from the department of political science.

'Voice' seeks to provide a platform for the students to showcase their manifold talents in the sphere of writing as well as in other avenues of creative expression. It opens up before the students a vibrant scope to cultivate and express their thoughts, uninhibited by the rigors of set curricula. The journal aims to push the students to stretch the contours of theoretical knowledge acquired in the classrooms to understand the reality around them, no less to prepare for them.

The e-journal encompasses a plethora of articles, poems, drawings, interviews, photographs and the list goes on. A section towards the end of the journal, called Reminiscences, provides through snapshots, glimpses of the activities, performances and achievements of our department in the semester that is fast slipping by.

The past few months have indeed been an exciting journey for the editorial team and at the same time filled with a lot of hardwork and a few challenges that came by in putting together the very first issue of our e-journal 'VOICE'.

We would like to thank the Head-of-Department, Political Science and faculty editor Dr. Madhuri Sukhija for igniting the spark in us and for taking the initiative of starting this e-journal. Her refreshing ideas and valuable inputs have gone a long way in the preparation of this journal.

In equal measure, we are also thankful to our other faculty editors. Ms. Shashwati, Ms. Paromita Dutta. Their able guidance at every step and unstinting support towards this initiative has been truly amazing.

We are glad to share that in keeping with our responsibility towards green environment and to ensure comfortable access we opted for an electronic format for the journal.

We take this opportunity to invite students of the department and college at large to contribute actively in keep the 'Voice' audible in the coming years.

We look forward to your blessings and good wishes.

Student Editors

Drishti Banerjee-President

Shaheen-Vice President

Rupal-Secretary


CONTENTS
Essays
Masterstrokes
Poetry
Interviewing The Young Democrats
The Semester Gone By
Reminiscences


Essays
Everything Comes To Us That Belongs To Us If We Create The Capacity To Receive It
— TAGORE

# भ्रष्ट्राचार का राजतन्त्र

भारत एक प्रजातान्त्रिक देश है परंतु कई बार लोग इसे राजतंत्र कहने लग जाते हैं। आखिर कहे भी क्यूं नही, यह लोकतंत्र होकर भी राजतंत्र की तरह चलता है। यहां आम आदमी स्वतंत्र नही बल्कि समाज के हिसाब से चलता है। परंतु समाज से ज्यादा कोई इसे दबाता है तो वो है **भ्रष्ट्राचार**। भ्रष्ट्राचार वह कीड़ा है जो इस लोकतंत्र को खाता जा रहा है। सरकार बनती तो है लोगो के द्वारा परंतु भ्रष्ट लोगो की।

हमे बचपन से सिखाया जाता है कि चोरी और गलत काम नही करना चाहिए परंतु इन गलत कामों के बिना इस देश को सोच पाना नामुमकिन होता जा रहा है। वर्तमान काल में भ्रष्टाचार इस देश का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। शुरुआत से ही हम लोग खुद को भ्रष्टाचार का शिकार बनते देखते आए हैं। जन्म होने के बाद एम.सी.डी से अपना जन्म पत्र बनवाने के लिए हमारे पिता को रिश्वत देनी पडती है। फिर स्कूलो द्वारा भी शिक्षा को भ्रष्ट किया जाता है। यह अचंभित कर देने वाला वाक्य है परंतु सत्य है। एक जांच के दौरान यह पाया गया है कि (ट्रांस्पेरेन्सी इंटरनैशनल द्वारा यह आंकड़ें बताए गए है) 62% भारतीयों को सरकारी कार्यालयों में अपना काम करवाने के लिए रिश्वत या ऊंचे दर्जे के प्रभाव का प्रयोग करना पड़ता है। साल 2008 मे पेश की गई इसी संस्था की रिपोर्ट मे बताया गया है कि भारत मे लगभग 20 करोड़ की रिश्वत अलग-अलग लोकसेवकों को (जिसमे न्यायिक सेवा के लोग भी शामिल हैं) दी जाती है।

उसी का यह परिणाम है कि भारत मे पुलिस और टैक्स एकत्र करने वाले विभागों मे सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। इन्ही कारणों की वजह से एक आम आदमी यह मानकर चलता है कि किसी भी सरकारी दफ्तर मे रिश्वत दिए बिना उसका कोई काम नही हो सकता। पूरी दुनिया मे भारत भ्रष्टाचार के मामले मे 14वें स्थान पर आता है।

आखिर इसे राजतंत्र न कहे तो क्या कहे, यह आम आदमी का लोकतंत्र नही बल्कि पैसे का राजतंत्र है। यह राजतंत्र अब इस देश के जड़ तक फैल चुका है, जिससे छुटकारा पाना इतना

आसान नही है, परंतु हमे इससे बचना है तो इसके लिए खुद को बदलना होगा, इस राजतन्त्र को उखाड़ फेंक, लोकतन्त्र को फिर से स्थापित करना होगा।

**Shruti**
**I Yr Sec B**

# विश्वविद्यालयों में छात्र-राजनीति

भारतीय लोकतन्त्र हो या कोई भी अन्य देश का लोकतंत्र, चुनाव व राजनीति जैसी प्रक्रिया आम बात होती है। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली राजनीति देश के विकास के लिये अहम मानी जाती है, और यह माना जाता है कि बडे ही सूझ-बूझ, तर्कशील और कुशल लोग ही इस राजनीति में हिस्सेदारी करते हैं। लेकिन इस बात में दो राय नही है कि वर्तमान लोकतंत्र की राजनीति बड़े ही नकारात्मक रूप से परिवर्तित हुई है, और इसका सबसे बड़ा असर यह है कि राजनीति को एक भ्रष्ट क्षेत्र माना जाने लगा है। राजनीति 'गंदी' मानी जाती है, और सामान्य जनता इससे दूर रहना चहती है। लोग किसी भी अन्य क्षेत्र का हिस्सा बने लेकिन राजनीति में कभी नही आना चहते। यह कोई छुपी हुई बात नही है कि एक खास तबके के लिये यही राजनीति कमाई और घोटाले का एक बहुत बड़ा जरिया है, वर्तमान राजनीति में राजनेता सत्ता में आने के लिये किसी भी तरह के हथकंडे अपनाने को तैयार हैं।

इस प्रकार की राजनीति को देखते हुए विश्वविद्यालयों की छात्रसंघ राजनीति भी उग्र होती चली जा रही हैं। ऐसा माना जाता है कि छात्रसंघ राजनीति राष्ट्रीय राजनीति कि ओर पहली सीढी जैसी होती है। छात्रों के बीच राजनीति एक ऐसी पाठशाला जैसी है, जिसके माध्यम से छात्र छोटे स्तर पर कई मुद्दे उठाते है, खासकर वे मुद्दे जोकि छात्रों के लिये महत्वपूर्ण है. छात्रगण की समस्या सुलझाने का प्रयास करते हुए ये छात्रसंघ राष्ट्रीय स्तर पर जनता की समस्या व विकास के मुद्दे की ओर भी अग्रसर होते है और एक तरह से उसमे भी ट्रेनिंग पाते हैं।

भारत के परिपेक्ष्य में देखे तो पाते है कि आजादी के दौरान और बाद में व वर्तमान समय में छात्रसंघ राजनीति में जमीन आसमान का अंतर नजर आने लगा है। समय के साथ छात्रसंघ राजनीति एक नकारत्मक दिशा की ओर अग्रसर हो चली है। अब विश्वविद्यालयों में राजनीति एक दंगल के रूप में बदल चुकी है, जहां हर कोई राजनीति में भाग लेना चाह रहा है, चाहे वह राजनीति का 'र' भी नही जानता हो! छात्रनेता छात्रों के बीच चुनाव में, यानि की, इतने छोटे स्तर पर भी इतना पैसा खर्च करते है, और इतनी मात्रा में पैसे जुटाने के लिये भ्रष्टाचार करने से भी नही कतराते।

अब हम चुनावों के दौरान विश्वविद्यालयों और कालेजों की छात्रसंघ राजनीति की बात करते है। हमारे सामने दिल्ली युनिवर्सिटी का उदाहरण है- छात्र नेता जब अपने प्रचार करते हैं तो आसपास का माहौल अशांति में परिवर्तित हो जाता है। आमलोग जो सडक पर चलते है, उनकी गाड़ियों और यहां तक की उनकी पीठ पर अपना स्टीकर और अन्य प्रचार की चीजें चिपकाने का प्रयास करते हैं। पर्चे इत्यादि से सडकें और दीवारें भर जाती हैं। बाइकों, ट्रकों और जीपों पर रैलियां निकाल कर हुडदंग मचाते हैं, और अपने प्रचार के पैंफ्लेट्स आदि को हवा में उड़ाते हुए , शोर मचाते हुए सामान्य ट्रैफिक को अस्त-व्यस्त करते हैं। इसके अलावा छात्रों के बीच यह

शिकायत भी रहती है कि छात्र-नेता लेक्चर के दौरान चुनाव-प्रचार करने के लिये अध्यापक को पढाने से रोकते है, और २-३ मिनट का समय मांगते हुए पूरा लेक्चर प्रचार में जाया कर देते हैं। ऊपर से, इतने जोर से और शोर-गुल के साथ प्रचार करते है कि चालु कक्षाओं को परेशानी होती हैं। इस प्रकार, दिल्ली युनिवर्सिटी को ही देखे तो छात्रसंघ चुनाव के दौरान कई महीने पहले से ही पढाई का माहौल खतम कर दिया जाता है। ऐसे में, कालेज और विश्वविघालय शिक्षा के नही, बल्कि राजनीति के अखाड़े बन जाते है, जहां शिक्षा प्र कोई ध्यान नही दिया जाता।

छात्रसंघ राजनीति के दौरान, हुड़दंगई, गाली-गलौज और मार-पीट आम बात हो गई है। गर्ल्स कालेजों में बिना इजाजत घुसना, प्रचार के नाम पर हंगामा करना, और कई बार लड़कियों के साथ बुरा व्यवहार करना- यह सब भी आम बात हो गई है। यह सब छात्रसंघ राजनीति के दौरान अनदेखा किया जाता है। गुन्डागर्दी करने वाले और दबंग किस्म के छात्र-नेता अध्यापकों से भी बद्तमीजी करने से नही चूकते। कही गलती से ये छात्र चुनाव जीत जाये, तो इनकी खुशी देखते बनती है और जीत की खुशी मनाने के दौरान नियम-कानूनों को तोड़ना आम बात है। आतिशबाजी, पोस्टर, नगाड़े का जैसे रेला सा लग जाता है, और ऐसे मौको पर एक आम छात्र अक्सर यह सोचता होगा कि छात्रों की बीच राजनीति राष्ट्रीय राजनीति से कैसे अलग है जहां 'मनी और मसल पावर' का बोलबाला है!

चुनाव जीतने के बाद यह छात्रसंघ आम छात्रों से किये गये वादे पूरा न करके, कुछ एक कालेज फेस्टीवल, फेरवेल पार्टी, फ्रेशर आदि का आयोजन करा के यह समझते है कि उनके कर्तव्य पूरे हो गये। वे यहभूल जाते हैं कि वे सत्ता में क्युं आये हैं! छात्रों के असल मुद्दे जैसे कि क्लासरूम की व्यवस्था, मेस या कैंटीन के बढते बिल, साफ पीन का पानी, फीस का बढता दर, लाईब्रेरी की अच्छी सुविधा आदि से आजकल के छात्र-संघों का कोई लेना-देना नही होता। यानि कि, एक छोटे स्तर पर शुरूआत कर, ये छात्रनेता राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करते हैं और वहा के अनुकूल सारी 'ट्रेनिंग' पा लेते हैं! भ्रष्टाचार और खोखले विकास की राजनीति सीख लेते हैं।

मेरे अनुसार विश्वविघालयों में छात्रों की राजनीति को मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्हें एक लोकतांत्रिक देश में राजनीति के महत्व को समझने की जरूरत है। किस प्रकार सत्ता में आने के बाद, उस सत्ता का इस्तेमाल विकास और आम जनता से जुड़े मुद्दों को हल करने में लगाना है- यह समझना उनकी जिम्मेंदारी है। किस प्रकार देश को विकास की ओर अग्रसर करना है, यह युवा वर्ग से बेहतर कोई और नही समझ सकता, और छात्र-राजनीति इस दिशा में एक शुरूआत की तरह है। छात्रों को राजनीति करनी चाहिये या नही, यह एक विवादित मुद्दा है। लेकिन मेरे अनुसार भारत जैसे देश में जहां एक बहुत बड़ा युवा-वर्ग है, वहां इतने बड़े समुदाय को राजनीति से दूर रखना ठीक नही है। जरूरत है सही दिशा में मार्गदर्शन की, और छात्रों के बीच राजनीति के माध्यम से एक समझदारी बनाने की, जोकि देश के हित में हो।

**Lakshmi Maurya**
**III Yr Sec A**

# लोकतंत्र मे फैली असमानता

अगर लोकतन्त्र व्यावस्था को देखा जाये तो यह पूर्ण रूप से समानता पर बल देती है। संविधान के अनुच्छेद 14-18 समानता के अधीकारों से संबन्धित है, जिसमे यह लिखा है कि सभी भारतीय नागरिकों के साथ समानता का व्यवहार किया जाएगा व समान अवसर प्रदान किए जायगे। उनके साथ नस्ल, लिंग, जाति तथा धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नही किया जायेगा ।

अगर इन सभी बातों का विश्लेषण किया जाये तो यह पाते है कि ये बातें संविधान में तो लिखी गयी है लेकिन इसे व्यव्हार में नही लिया गया जिसके कारण समानता सही अर्थो मे लागू नही हो पाई ।

लिंग-आधारित असमानता आज पूरे देश मे फैली हुई है, महिलाओ के साथ लैन्गिक अधार पर भेदभाव किया जाता है। आज भी अधिकतर लोग इसी भेद-भाव से भरी सोच के साथ जीते है और बेटा होने पर अधिक गर्व किया जाता है। यह असमानता न केवल सोच में है बल्कि शिक्षा, अवसर, कार्यो मे भी देखी जा सकती है। भारत मे महिलाओं के लिये बहुत से कानून बने हुए है लेकिन जमीनी हकीकत तो कुछ और ही है, आज भी महिलाओ के साथ दूसरी श्रेणी का व्यवहार किया जाता है और उन्हें पुरुष के समान अधिकार नही दिए जाते।

यह असमानता केवल लैन्गिक असमानता तक ही सीमित नही है बल्कि यह लगभग हर सामाजिक क्षेत्र मे देखी जा सकती है.

अगर आर्थिक असमानता कि बात की जाए तो धीरे-धीरे इसमे वृद्धि होती जा रही है। इसमे कुछ लोग ऐसे है जो सामाजिक व आर्थिक नितियों का लाभ उठा रहे हैं जिसमे पूंजीपति, नेता, नौकरशाह और बिजनेसमेन आदि शामिल है। वही दुसरी ओर कुछ लोग ऐसे भी है जो इन नीतियो का लाभ नही उठा पा रहे है, और गरीबी मे अपना जीवन गुजार रहे है। यह कहना गलत नही होगा कि आज अमीर और अमीर होते जा रहे हैं और गरीब उसी निम्न अवस्था मे अपना जीवन गुजार रहे हैं।

इसके अतिरिक्त जातीय असमानता भी पूरे देश मे अपने पैर जमा चुकी है। आज

भी निचले स्तर की जातियों को घृणा की नजर से देखा जाता है जिसके कारण कई बार इनकी योग्यता, अकांक्षा व व्यक्तिगत स्वतन्त्रता को भी नजरअंदाज किया जाता है। जातीय व्यवस्था कहने को पारंपरिक कामों पर आधारित है, लेकिन इसी अधार पर साफ-सफाई करने वाले, चमड़े का काम करने वाले लोगो को निचली जाति का बता कर हेय और घृणा की दृष्टि से देखते हैं। आज जातीय असमानता हमारे समाज की एक विशेषता बन गई है।

अतः यह कहना कठिन होगा कि भारतीय लोकतन्त्र में समानता पूरी तरह से लागू हो पाई है, आज भी समाज मे असमानता व्यापक रूप से फैली हुई है फिर चाहे वे लैंगिक, जातीय या आर्थिक असमानता ही क्युं न हो।

इस असमानता को दूर करने के लिये आवश्यक है कि लोगो के नजरिये में बदलाव लाया जाए, हर व्यक्ति को उसकी योग्यता व क्षमता के आधार पर आंका जाना चाहिए न कि जातीय/लैंगिक और आर्थिक आधारों पर।

**Zufia**
**III Yr Sec A**

# लोकतांत्रिक भारत मे बाल श्रम

भारत को आजाद हुए 69 वर्ष हो गए लेकिन क्या आज भारत पूरी तरह आजाद हुआ है? 1947 में भारत को आजादी मिली तो इसे एक लोकतांत्रिक और आधुनिक भारत कहा गया। लेकिन क्या आधुनिक भारत की आजादी को सभी लोगो के जीवन मे अमल किया गया? आज भी आधुनिक भारत मे बहुत वर्ग और समुदाय ऐसे है जिन्हें आजादी के शब्द का बोध भी नही है। हम उन सभी लोगों की बात कर रहे है जिन्हें आधुनिक भारत मे रहने के बाद भी स्वतंत्रता प्राप्त नही है। आधुनिक भारत में महिलाऍ, निम्न जाति के समुदाय, अल्पसंखयक समुदाय, किन्नर समुदाय, इत्यादि जो आज भी अपने अधिकारों से वंछित है ।

इनमे से एक व्यापक समस्या है बाल श्रम की। क्या आप यह जानते है कि बाल श्रम क्या है? यह कैसे पैदा हुआ?

बाल श्रम का मतलब है कि १४ वर्ष से कम आयु के बच्चों से जबरदस्ती काम करवाना। 1947 में जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तो संविधान निर्माण के दौरान सभी समुदायों के लिये अधिकार व हितों की बात हुई और यह वादा किया गया कि किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नही किया जाएगा। संविधान का निर्माण तो इन बड़े वादों पर हो गया लेकिन इसे अमल में बहुत कम लोगों के लिए लाया गया।

यह कोई अनजानी बात नही है कि आजादी के समय भारत की आर्थिक स्थिति अच्छी नही थी। भारत मे कुछ ऐसे राज्य व क्षेत्र थे जंहा परिवारों को न्युनतम सुविधायें जैसे कि भोजन, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा प्राप्त नही थी, कुछ राज्यों की दशा ज्यादा खराब थी, जैसे कि बंगाल, बिहार, उडीसा, इत्यादि। भुखमरी और गरीबी से ग्रस्त थे इन परिवारों को बच्चों सहित अक्सर पलायन, विस्थापन और सस्ते श्रम का दंश झेलना पडता।

आज भी यही स्थिति बरकरार है, जब इन परिवारों के बच्चो को भी परिवार की मूल जरूरतों कि लिये काम करना पड़ता है। ऐसे में लडकियों के साथ ज्यादा दुर्व्यवहार और यौन-

हिंसा आम है, जैसे- घरों मे काम करते समय उनके साथ गलत व्यवहार, उन पर हाथ उठाना, कई बार उन लड़कियों को मर्दो की हवस का शिकार होना पडता हैं। लड़कियों को बेचा व खरीदा जाता था तथा उनसे गलत काम करवाए जाते है।

ऐसे बच्चो को अक्सर ऐसे स्थानों पर काम करना पडता है जैसे, ढाबें, चाय की दुकान, गाड़ी साफ करना, जूते पोलिश करना इत्यादि। कुछ ऐसे क्षेत्र है जहं काम के दौरान इन बच्चो को हवा, पानी वा सूर्य के प्रकाश से वंछित होना पडता है।

बाल श्रम को रोकने के लिए तमाम सरकारी नीतियों और कानूनों के बावजूद आज भी हम अपने दैनिक जीवन में बाल श्रम को देखते है। इस समस्या की जड़ में है लोगों की गरीबी जिन्हें काम नही मिलता और रोजगार के अभाव में वे सस्ते से सस्ते में खटने को तैयार हो जाते हैं, और ऐसी स्थिति में बच्चों को भी मजबूरन काम करना पडता हैं। यह बात हमसे छुपी नही है कि बच्चों को खटा कर और भी मुनाफा कमाया जा सकता है, क्युंकि उन्हें वयस्कों के समान वेतन देने की जरूरत भी नही समझी जाती।

भारत ने सांतवां वेतन आयोग लाकर गरीब व अमीर के बीच के अंतर को और भी बड़ा कर दिया है। जहां एक व्यक्ति को मासिक एक लाख रूपया वेतन मिलता है वही एक गरीब व्यक्ति को 9 हजार रू. भी प्राप्त नही होते, तो इसके लिए हमारी सरकार ही जिम्मेदार है । ऐसे में बाल-श्रम जैसी समस्या कभी न खतम होने वाला रूप ले चुकी है जो कि हमारे लोकतंत्र पर बहुत बड़ा सवाल है।

**Komal**
**II Yr Sec B**

## शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक असमानता

आज हम एक आधुनिक लोकतांत्रिक भारत में रह रहे हैं, जो कि विश्व के सफल लोकतंत्रों में से एक है। हमारे लोकतंत्र के आधारों में से एक है कि यह पुरुषों व स्त्रियों को समान अधिकार देता है। हमारे राजनेता इस मुद्दे पर अनेकों भाषण देते हैं। यह सबसे चर्चित व विवादित विषय है। परंतु बातें किसी मसले का हल नहीं होती। एक आधुनिक सफल लोकतांत्रिक देश में रहने के बावजूद भी हमें लड़कियों के लिए लाडली योजना, सुकन्या योजना जैसी सरकारी नीतियों की आवश्यकता क्यों है? क्यों हम आज भी महिला को व्यवहार व समाज दोनों में समान दर्जा नहीं दे पाए हैं? हम क्यों महिलाओं को इतना सशक्त नहीं बना पाए कि वह आत्मनिर्भर हो पाए?

भारत में पुरुषों व महिलाओं के मध्य यह असमानता सदियों से कायम है, क्योंकि भारतीय समाज एक पितृसत्तात्मक समाज है, जोकि दोनों लिंगों में भेद बनाए हुए है। यघपि भारतीय संविधान पुरुषों व महिलाओं को समान अधिकार देता है, परंतु व्यवहार में आज भी कायम नहीं हो पाया है। लैंगिक असमानता मनुष्य अधिकारों के विरुद्ध है। इस लैंगिक असमानता की शुरुआत परिवार में लड़के व लड़कियों के मध्य किए जाने वाले अंतर से होती है, जैसे कि शिक्षा का अवसर। माना जाता है कि शिक्षा महिलाओं के लिए नहीं बनी है न ही महिलाएँ शिक्षा के लिए बनी है।

हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था में किस प्रकार महिलाओं द्वारा भागीदारी दी गई है यह आँकड़े इस वास्तविकता को प्रस्तुत करते हैं। भारत में पुरुष साक्षरता दर 82.14% है, जबकि महिला साक्षरता दर 65.46% है। इस गिरते आँकड़े का मुख्य कारण अभिभावकों की सोच है जो कि यह मानता है कि लड़कियों के लिए शिक्षा व्यर्थ है, क्योंकि वह विवाह से पहले पिता व विवाह उपरांत पति के अधीन रहती है। अभिभावकों के अनुसार लड़कियों पर शिक्षा में किए गए व्यय से भी कोई लाभ नहीं कमाया जा सकता। वर्तमान समाज में महिलायें केवल फिल्मों के प्रचार, विज्ञापनों में अंग प्रदर्शन द्वारा वस्तु बेचने का एकमात्र साधन बनकर रह गयी है।

भारतीय लोकतंत्र तब सशक्त होगा जब पुरुषों व महिलाओं की एक समान भागीदारी होगी। इस पितृसत्तात्मक सत्ता की सोच को बदलना होगा। वर्तमान शिक्षा क्षेत्र में महिलाएँ पुरुषों के मुकाबले अधिक प्रगतिशील हैं।

उदाहरण - 2016 की IAS परीक्षा में टीना डाबी प्रथम आई, तो दूसरी तरफ एक MBBS की छात्रा का मानवीय हद पार कर 2015 को सामूहिक बलात्कार किया गया। क्या यही देश की आधुनिकता है? ऐसे कृत्य महिलाओं को आगे बढ़ने व उनकी सामाजिक भागीदारी को रोकते हैं।

एक लोकोक्ति है- "एक स्त्री दो परिवार शिक्षित करती है।" आवश्यकता इस लोकोक्ति को साकार करने की है। परिवारों को अपनी सोच बदलनी होगी। अपने परिवार के लड़कों की भाँति अपनी लड़कियों को भी पढ़ना होगा। नवरात्रों में भारतीय समाजों में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है, परंतु बाकी दिन उसी देवी के जीवित रूप, एक स्त्री पर अत्याचार किया जाता है।

आज अनेकों शिक्षा संस्थाओं, कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाला दुर्व्यवहार, बलात्कार, शोषण की खबरें आए दिन देखने को मिलती हैं। क्यों आज का पुरुष वर्ग स्त्रियों को आगे बढ़ते नहीं देख सकता? आज की परिस्थितियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि यदि सोच बदलो तो देश बदलेगा। नारी को न केवल नौ दिनों बल्कि एक व्यावहारिक सामाजिक जीवन में भी उसकी भागीदारी को बढ़ाया जाए। महिलाओं को न केवल गानों, फिल्मों में धन कमाने का जरिया न समझा जाए बल्कि उन्हें भी पुरुषों की भाँति आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए। उनके खिलाफ होने वाले अत्याचारों, शोषण, मारपीट के विरुद्ध कड़े नियम बनाए जाए।

सरकार द्वारा संचालित योजनाएँ एक तरह से महिलाओं की शिक्षा क्षेत्रों में भागीदारी अग्रसर करती हैं। देश में आ रही आधुनिकता तब ही प्रदर्शित होगी जब समाज को लोगों की मानसिकता में भी आधुनिकता व सकारात्मकता आएगी। यह समय सोच बदलने का है। बेटी को बेटे की तरह प्रोत्साहित कर उसे भी आगे के लिए प्रेरित करने का है।

बेटी को पढ़ाने उसको सशक्त बनाने के लिए पूरे देश की भागीदारी की उसमें आवश्यकता है। ताकि "बेटी पढ़े और देश बढ़े।"

**Ruma**
**II Yr Sec B**

# Portrayal of Women in Mass Media

Any means of communication that reaches a large audience comes under mass media, which has become a significant force in modern culture. Multimedia today forms the basis of our society. Today the way women are shown in media is different from earlier times whether it is movies or advertisements, things have worsened over the period. The portrayal of women in mass media today is to enhance the appeal of the product without regard to the interest of women in general. The media portrays women as objects and it is surprising to see them in advertisements related products like cement so that they can attract the attentions of the viewers.

More and more women are being portrayed as commodities rather than as individuals which sets a very dangerous precedent for our society. Such portrayal leads to unrealistic expectations by men about how women should look and behave. With unrealistic portrayal of women in media the audience sees them as objects of invoking vyouristic sensation. For example often degrading description is used in music videos with regard to women which creates a barrier between men and women. Men feel it is permissible in today's society damage a woman's dignity by treating them as mere commodities.

By and large female inequality has become easily permissible in the society through the constant influence of media. Gender roles are constantly reinforced through the media. Many times it is shown that man is the money maker, hard worker and a being representing 'intelligence' within the family whereas woman is baby-maker, home-maker and an 'emotional' figure in the household. This stereotyping of gender roles has a profound impact on the society. Women have always been adored and glorified for their physical attributes. We often see in TV shows and advertisements, a man choosing a skinny girl over fat girl or fair girl over a dark complexion girl, which can lead to depression among women in general about their looks which is a very unhealthy trend. Young women are especially affected by objectification in mass media. Women in general have become more obsessed with how their

body is seen by others in the society. The need to have a 'perfect body' is a result of various messages society sends in this regard directly or indirectly.

Sexual exploitation of women is very much prevalent in all the spheres of our society, be it within families, at workplaces or on the streets, which has been heightened with the sexualized projection of women in media.

These days a new trend has started of plastic or cosmetic surgery which is increasingly being promoted in our TV shows as something which can fix all the problems. People have often looked up to celebrities who themselves resort to such measures of going under the knife to acquire perfect bodies or skin. This propels the audience and more so the women, to resort to the same path to look like those they adore.

Mass media is an effective tool which creates public opinion. Television is supposed to be the mirror of the society. However, many times due to incorrect portrayal of reality some groups and communities are at the receiveing end, among which, the women are a glaring example.

**Chetna**
**II Yr Sec B**

# शिक्षा का निजीकरण

लोकतांत्रिक व्यवस्था मे अधिकारों का अपना एक महत्व होता है, क्योंकि संविधान मे लिखे गए ये अधिकार लोगों के विकास मे मुख्य भूमिका निभाते हैं।

इन्हीं अधिकारो में एक अधिकार है 'शिक्षा का अधिकार' जो हमारे मौलिक अधिकारों में शामिल है तथा इस अधिकार से ही भारत के हर 4 से 14 साल तक के बच्चें को शिक्षा का अधिकार है। तथा सरकार द्वारा चलाए जाने वाले शैक्षणिक संस्थानो मे कई सारी ओर भी सुविधाएं प्रदान की जाती है जैसे- मुफ्त शिक्षा, मीड-डे मील, छात्रो को उनकी सुविधा के लिए या आवश्यकता के लिए पैसे भी दिए जाते है। शिक्षा का अधिकार को मजबूती देने के लिए 2003 मे संविधान मे शिक्षा का अधिकार (83 वे संवैधानिक संशोधन 2000) के तहत शामिल भी किया गया। इन सब अधिकारों व सुविधा के बावजूद क्या सचमुच शिक्षा का अधिकार का लाभ सभी बच्चों तक पहुंच रहा है? यदि पहुंच रहा है तो कितने बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो रही है।

शायद इन सवालों से ही हम वास्तविक स्थिति को समझ पाएंगे। यूनिस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा 287 लाख अशिक्षित व्यस्कों की संस्था है। साल 1991 से 2006 तक अशिक्षा का स्तर 63% तक हो गया था। इस दर के ज्यादा होने का मुख्य कारण शिक्षा का निजीकरण है।

आज का युग वैश्वीकरण का है जिसके अंतर्गत हर एक जगह मे निजीकरण लाना तथा राज्य की भूमिका को सीमित करना एक मुख्य लक्ष्य है। शिक्षा जैसा बुनियादी क्षेत्र भी निजीकरण व बाजारीकरण के प्रभावों से जुड गया है। आज शिक्षा बाजार में क्रय-विक्रय करने वाली एक वस्तु बन गई है।

शिक्षा की कई संस्थाओ मे चाहे वह छोटी हो या बडी निजीकरण का प्रभाव दिखता है। निजी स्कूल चाहे वह प्राथमिक हो या उच्च स्तर के, पैसे वसूलने का मौका नही छोड़ते, कॉलेजों में भी निजीकरण की पूरी छाप दिखती है तकनीक को महत्व देने तथा आधुनिक या 'वर्ल्ड क्लास' बनाने के लिए कुछ ही समय पहले दिल्ली युनिवर्सिटी के सभी कॉलेज विद्यार्थियों की

फीस ऑनलाइन भरी गई, जोकि कई छात्रों, खासकर गरीब और तकनीकी पहुंच से महरूम छात्र तबके के अनुकूल व्यवस्था नही थी।

इस निजीकरण के दौर मे शिक्षा को पाने के लिए योग्यता मुख्य नही है बल्कि पैसा महत्व रखता है, जितना भार पैसो का होगा, डिग्री और यहां तक कि अच्छे अंक पाना विधार्थी के लिये आसान हो जाएगा। अब शिक्षा खर्चीली हो गयी है और एक तरह से विलास की वस्तु बना कर रख दी गई है जिसकी पहुंच गरीब बच्चों तक नही गई। भारत देश की विशेष परिस्थितियों में देखे, तो एक गरीब व्यक्ति जो अपनी मूलभूत आवश्यकताओं, जिसको वह जीवित रह सकता है, उस तक भी उसकी पहुंच बहुत मुश्किल से होती है, तो फिर इतनी महंगी शिक्षा की प्राप्ति वह कैसे कर पाएगा? शिक्षा का निजीकरण करने से शिक्षा कुछ ही सशक्त वर्गों तक सीमित रह गई है जो आर्थिक रूप से सक्षम है, अपना विकास करने में!

अंत में, शिक्षा का निजीकरण करना बिल्कुल गलत है, क्योकि इसके कारण कई सारे निम्न व आर्थिक रूप से असक्षम बच्चो के शिक्षा के अधिकार का हनन होता है जोकि लोकतांत्रिक व्यवस्था व एक देश के विकास पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। निजीकरण को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी का मापदंड नही बनाना चाहिए जो कि आज के समय में लोग कर रहे है। लोगों की यह सोच है कि निजी शिक्षा संस्थानो में ही शिक्षा अच्छी होती है। सरकारी स्कूलों में भी बच्चो को वह शिक्षा व सुविधा मिल सकती है परंतु आवश्यक है कि इन संस्थानों में सुधार लाए जाए, अध्यापकों का सही तरह से प्रशिक्षित किया जाए, विधार्थियों को सिर्फ कैरियर ही नही बल्कि समाज के प्रति जागरूक किया जाये और वे सारी सुविधाएं प्रदान करवाई जाएं जो निजी शिक्षा संस्थानों में करवाई जाती है। हर एक की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर शिक्षा जैसे मूलभूत अधिकार को मुहैया कराना होगा, तभी सही अर्थो में हर बच्चे को शिक्षा के अधिकार का लाभ प्राप्त हो सकता है।

**Neha Chauhan**
**III Yr Sec A**

# ‘पिंक’ फिल्म समीक्षा

‘पिंक’ उस पुरुषवादी मानसिकता के खिलाफ एक कड़ा संदेश देती है, जिससे महिलाओं और पुरुषों को समाज में अलग-अलग पैमानो पर रख कर मापा जाता हैं। यह फिल्म बताती हैं कि यदि कोई पुरुष किसी ताकतवर परिवार से होता हैं तो महिला के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना कितना मुश्किल हो जाता हैं या मुश्किल बना दिया जाता हैं। यह फिल्म हमारे समाज की उस मानसिकता पर सवाल खड़े करती हैं, जो लडकियो के स्कर्ट पहनने , शराब पीने, पार्टी में जाने और रात में घर से देर तक बाहर रहने पर उनके चरित्र को गलत बताती हैं। यदि कोई लड़की अपनी घर से अलग, बाहर कहीं रहती हैं तो समाज उसे गन्दी निगाह से देखता है। लड़के या लड़की मे से गलती चाहे किसी की भी हो लेकिन पूरा समाज लड़की को ही गलत समझता हैं।

इसके साथ ही फिल्म यह भी बताती हैं कि चाहे लड़की कोई भी हो, चाहे वह कोई वैश्या हो या कोई सैक्स वर्कर हो या फिर आपकी अपनी खुद की पत्नी ही क्युं न हो- अगर वो ‘न’ कहती हैं तो किसी भी पुरुष को उसे छूने या उससे जोर-जबरदस्ती करने का कोई अधिकार नही हैं।

कहानीः- दिल्ली के पॉश इलाके में किराए पर रहने वाली तीन कामकाजी लड़कियां मीनल (तापसी), फलक (कीर्ति) और आन्द्रिया (आन्द्रिया) की कहानी हैं। तीनो लडकियां अपने घर से दूर एक किराए के मकान में रहती हैं, जिनमे से मीनल दिल्ली की, फलक लखनऊ की और आन्द्रिया मणिपुर की हैं। तीनो लडकियां एक रात रॉक कॉन्सर्ट में जाती हैं जंहा वो तीन लड़कों से मिलती हैं। रॉक कॉन्सर्ट के बाद तीनो लड़कियां उन तीनो लड़को के साथ जाती हैं जिनमे से एक का नाम राजवीर हैं, जोकि स्थानीय नेता का भतीजा है। अन्य दो युवकों की ओर से सूरजकुंड के एक रिजॉर्ट मे डिनर का निमंत्रण स्वीकार कर लेती हैं। लेकिन यह रात लड़कियों के लिए मुसीबत का सबब साबित होती हैं। आन्द्रिया महसूस करती है कि डंपि (राशुल टंडन) उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश कर रहा हैं और नशे मे चूर राजवीर (अंगद बेदी) मीनल के मना करने के बावजूद उसके साथ जबर्दस्ती करने की कोशिश करता हैं।

इसी बीच आत्मरक्षा के लिए मीनल राजवीर पर एक कांच की बोतल से हमला करती हैं जो उसकी आंख मे लगती हैं और उसका खून बहने लगता हैं। तीने लड़कियां इस उम्मीद के

साथ घर लौट आती हैं कि यह बात इतना आगे नही जाएगी। लेकिन तीनो लड़के, बदला लेने की दृष्टी से उन्हें बदनाम करने और डराने की कोशिश करते हैं। तीनों लड़कियों के लिए जिन्दगी आराम से जीना बहुत मुश्किल हो जाता हैं और तीनों बहुत डर जाती हैं। फलक और आन्द्रिया लडको के साथ बात करके सुलह करने को तैयार हो जाती हैं। लेकिन राजवीर को अपनी करनी पर बिल्कुल भी शर्मिंदा न देख तीनो लड़कियां माफी न मांगने का फैसला करती हैं और लड़कों के खिलाफ एफ.आइ.आर लिखवाने का फैसला करती हैं। यह देख कर तीनो युवक गुस्से से बौखला जाते हैं, और मीनल को एक गाडी मे अगवा कर उसके साथ यौन हिंसा करते हैं तथा उसे धमकाते हैं। उसके बाद तीनो युवक लडकियों के खिलाफ केस दर्ज करवाते हैं। मामला कोर्ट मे पहुंचता हैं जंहा उन पर प्रॉस्टिट्यूशन का गलत आरोप लगाते हैं। वहां वकील दीपक सहगल (अमिताभ बच्चन) जो खुद मेंटल डिस्ऑर्डर का शिकार हैं, लड़कियो का केस लडते है।

फिल्म में असली ड्रामा की शुरुआत यहीं से होती हैं जोकि समाज और यहां तक की निष्पक्ष कही जाने वाली न्यायिक व्यवस्था की संकीर्ण मान्सिकता दिखाती हैं। कोर्ट मे सुनवाई के दौरान मीनल से उसके निजी संबंध, वर्जिनीटी और शराब पीने की आदत पर सवाल पूछें जाते हैं। इन सवालों के जरिए यह दिखाने की कोशिश की गई हैं कि समाज किस तरह से लड़के और लड़कियो को दोहरे मानकों पर रखकर आंकता हैं।

अंत मे मीनल और उसकी सहेलियों को न्याय मिलता हैं और राजवीर व उसके दोनो दोस्तो को सजा सुनाई जाती हैं।

एक छात्रा और एक लडकी होने के नाते पिंक फिल्म मुझे बहुत पसन्द आई। यह कहानी आज के संदर्भ को लेकर बहुत सही रुप से लिखी और दर्शायी गई हैं। जहां लड़कियो को पर्दे पर हमेशा की तरह सती-सावीत्री के रुप मे ना दिखाकर बिल्कुल साहसी एवम् बिंदास अंदाज में दिखाया गया हैं। लेकिन इसके बाबजूद अगर लड़की किसी लड़के के साथ अपनी मर्जी से शारीरिक संबंध बनाने मे तैयार नही है तो उस पुरुष को कोई हक नहीं हैं की वह उस लड़की को उसकी मर्जी के बिना छुए। इसके साथ ही फिल्म में आज की सच्चाई को बहुत बखूबी से दिखाया गया हैं कि चाहे जमाना कितना ही आधुनिक क्यों ना हो जाए लेकिन समाज मे लड़कियों को लड़को के मुकाबले हर मामले मे कम आंका जाता हैं।

